| | | |
|---|---|---|
| | **राज्य स्तरीय आकलन** | FA \| 2 |
| | **सत्र 2019–20** | |
| | **सुझावात्मक गतिविधियाँ** | |
| **कक्षाः 2** | | **विषयः हिन्दी** |
| **PAPER CODE : 2013** | | **पूर्णांकः 10** |

**निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।**

## खण्ड – 'अ' (अंक 05)

**LO – L-209 –** चित्रों में या क्रमवार सजाए चित्रों में घट रही अलग-अलग घटनाओं, गतिविधियों और पात्रों को एक संदर्भ या कहानी के सूत्रों में देखकर समझते हैं और सराहना करते हैं।

### गतिविधि 1. एक्की दोक्की की कहानी

शिक्षक ''एक्की दोक्की'' कहानी को चार भाग में चित्र सहित विभाजित करेंगे।

i) 

दो बहनें थीं ...................... बुलाते थे।

ii) 

एक दिन एक्की ने जंगल में ........................ मेहंदी की झाड़ी में पानी डाला।

iii) 


iv) 

**निर्देश :** शिक्षक बच्चों को समूह में बांटकर इन चित्रों को क्रमानुसार जमाने को कहेंगे और फिर प्रत्येक समूह अपने चित्र पर कहानी सुनायेगें। कहानी को क्रमवार भी आगे बढ़ाया जा सकता है।

### गतिविधि 2. मेहंदी लगाओ

मेहंदी की झाड़ी से पत्तियों को तोड़कर हाथ में लगाने तक की क्रिया विधि को क्रम

से बताने को कहेंगे।




निर्देशः शिक्षक छात्रों को पूरी प्रक्रिया को क्रियान्वित करते हुए विद्यालय में मेहंदी लगाने की प्रतियोगिता भी करवा सकते है।

## गतिविधि 3. तेंदुए की खबर

''तेंदुए की खबर'' शीर्षक पाठ को शिक्षक कक्षा में पढ़कर सुनायेंगे तथा इस पर आधारित प्रश्न पूछेंगे जैसे –

i) यह घटना किस स्थान पर घटी थी ?
ii) यह घटना किस दिन घटी ?
iii) उस दिन क्या तारीख थी ?
iv) तेंदुए का बच्चा कहाँ घुस गया ?
v) तेंदुए का बच्चा किस स्थिति में पाया गया ?
vi) तेंदुए के बच्चे के कारण वहॉ के लोग किस प्रकार परेशान हुए ? क्यों ?

## खण्ड – 'ब' (अंक 05)

**LO – L-212 - हिंदी के वर्णमाला के अक्षरों की आकृति और ध्वनि को पहचानते हैं।**

### गतिविधि 4. चन्द्रबिन्दु कहाँ?

इनमें से कौन से शब्दों पर चन्द्र बिन्दु का उपयोग होगा?
शिक्षक श्रुतिलेख के लिए निम्नलिखित शब्दों का उच्चारण करेंगे। इस प्रकार के अन्य शब्द भी सूची में जोड़े जा सकेंगे।

फँसना, चांद, पसंद, सूँघना ऊँट, धँस,
हँसना, नींद, पहुँच, सॉप, माँद, पूँछ

**निर्देश :** श्रुतिलेख पूरा होने के बाद शिक्षक छात्रों को बुलाकर श्यामपट्ट पर शब्दों को लिखवायेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर सही वर्तनी श्यामपट्ट पर लिखेंगे।

### गतिविधि 5. काफी ज़मीन

फ़, फ, तथा ज़, ज की ध्वनियों/उच्चारण में अंतर

| | | | |
|---|---|---|---|
| काफ़ी | फिर | ज़मीन | जाड़ |
| सफ़ेद | फैलाना | ज़िद | गाज़र |
| तारीफ़ | फटना | तकलीफ़ | फाटक |

**निर्देश :** शिक्षक कागज के छोटे–छोटे टुकड़ों पर शब्दों को लिखकर मेज़ पर रखेंगे। छात्र किसी भी पर्ची को उठाकर उस पर लिखे शब्दों का उच्चारण करेंगे। सादे कागज के टुकड़े कक्षा में बाँटकर इस प्रकार के शब्द लिखकर उनकी वर्तनी एवं उच्चारण के अनुसार उनका वर्गीकरण किया जा सकता है।

### गतिविधि 6. सुन–समझकर लिखो

शिक्षक एक पूरा अनुच्छेद कक्षा में पढ़कर सुनायेंगे तथा उसमें सुने गए र् वाले शब्दों को अपनी कॉपी में लिखेंगे। इन शब्दों में रेफ का चिन्ह सही जगह पर लगाया गया हो इसकी जाँच शिक्षक करेंगे।
जैसे – एक था दर्जी। वह बड़ा आलसी था। सूर्य निकलने के बड़ी देर बाद वह अपने दुकान पर जाता। दुकान खोलकर वह इधर–उधर घूमता रहता। लोग उसके इस आदत से परेशान थे, क्योंकि अपनी मर्जी से ही एक स्थान पर बैठा मिलता। उसकी आमदनी अच्छी न होने के कारण उसको कर्ज भी लेना पड़ता .....................
दर्जी, मर्जी।